भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1945**

<u>दिनांक 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

व्यापार मेला परिसर

1945. श्री कृपानाथ मल्लाहः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर असम में नए व्यापार मेला परिसरों की स्थापना करने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इन प्रस्तावित परिसरों को कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है?

उत्तर

<u>वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री</u>

(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग) : विभाग पात्र एजेंसियों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर 'निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस) के तहत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन केंद्रों सहित निर्यात अवसंरचना स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

विभाग ने 'निर्यात व्यापार अवसंरचना स्कीम (टीआईईएस)' के तहत तीन व्यापार संवर्धन केंद्रों के लिए वित्तीय सहायता अनुमोदित की है। इन परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है: -

क्र.सं.	परियोजना का नाम	कार्यान्वयन एजेंसी	कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा इंगित की गयी समय सारणी
1	'इम्फाल, मणिपुर में व्यापार सह स्थायी प्रदर्शनी केंद्र के मुख्य प्रदर्शनी भवन (चरण-II) की स्थापना	मणिपुर औद्योगिक विकास निगम (एमएएनआईडीसीओ), मणिपुर सरकार	प्रारंभ होने की तिथि से 24 महीने
2	'चेन्नई व्यापार केंद्र का विस्तार ', तमिलनाडु	तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन	परियोजना कार्यान्वयन के प्रारंभिक चरण में है।
3	'मिंटो हॉल,भोपाल,मध्य प्रदेश में व्यापार संवर्धन केंद्र की स्थापना	मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम	पूरा हो गया है ।

टीआईईएस स्कीम के तहत असम में नए व्यापार मेला परिसर के लिये वित्तीय सहायता की मांग करने वाला कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****